ACE/No/Gen/24-25/001 20/7/2024

# जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर

## (परीक्षा : पोस्ट–परिणाम अनुभाग)

दिनांक : 19.07.2024

क्रमांक – जनावि / परीक्षा / 2024 / 3026

**:: विज्ञप्ति ::**

जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर की **सत्र 2023–24** की आयोज्य **स्नातक व स्नातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर (NEP 2020) नियमित / स्वयंपाठी** विद्यार्थियों सूचित किया जाता है कि वह परीक्षा आवेदन–पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.jnvu.edu.in** पर दिनांक **22 जुलाई, 2024** से भर सकते है। विभिन्न प्रकार के शुल्क के साथ ऑनलाईन आवेदन / प्रिन्टेड आवेदन पत्र (हार्ड–कॉपी) जमा कराने की अन्तिम तिथियाँ विभिन्न प्रकार के शुल्क से निम्नानुसार होंगी–

| | ऑन–लाईन आवेदन करने की अन्तिम तिथियां | प्रिन्टेड आवेदन पत्र (हार्ड–कॉपी) जमा कराने की अन्तिम तिथियां |
|---|---|---|
| बिना विलम्ब शुल्क | 27 जुलाई, 2024 तक | 29 जुलाई, 2024 तक |
| 50/– रुपये विलम्ब शुल्क सहित | 30 जुलाई, 2024 तक | 31 जुलाई, 2024 तक |

**परीक्षा शुल्क व परीक्षा से सम्बन्धित अन्य आवश्यक विस्तृत जानकारी जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.jnvu.edu.in पर उपलब्ध रहेगी।**

आवेदकों हेतु वेबसाइट पर विभिन्न परीक्षाओं हेतु अलग–अलग आवेदन–पत्र प्रारूप उपलब्ध होंगे। आवेदक जिस परीक्षा में आवेदन करना चाहता है, उस परीक्षा/प्रारूप को चुने तथा ऑन–लाइन परीक्षा आवेदन–पत्र भरकर ऑन–लाइन प्रस्तुत (submit) करने के बाद परीक्षा आवेदन–पत्र एवं शुल्क जमा करने हेतु चालान का प्रिन्ट लें। आवेदक शुल्क जमा करने से पूर्व आवेदन पत्र की प्रिण्ट प्रति का सावधानी से अवलोकन कर जाँच लें कि सभी प्रविष्टियाँ सही हैं यदि सुधार की जरूरत है तो दूसरा आवेदन पत्र भरें। अग्रेषण केन्द्र से आवेदन जांच करवाने के पश्चात् ही शुल्क जमा करावें। आवेदक BANK OF BARODA / ICICI बैंक एवं अन्य बैंकों के NEFT/RTGS सेवा नेट बैंकिंग (डेबिट कार्ड एवम क्रेडिट कार्ड) से भी शुल्क जमा करा सकते हैं। **शुल्क जमा करने के पश्चात् आवेदन की प्रिण्ट प्रति (हार्ड कॉपी) के साथ शुल्क जमा की एक मूल प्रति तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों यथा उसके द्वारा आवेदन की जा रही परीक्षा हेतु आवेदक को अर्हता प्रदान करने वाली परीक्षा से सम्बन्धित आवश्यक शैक्षणिक दस्तावेजों की मूल तथा स्वप्रमाणित प्रतियाँ, उसके वर्ग (category) उपवर्ग (sub-category) यथा विकलांग इत्यादि से सम्बन्धित आवश्यक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतियों सहित संबंधित संकाय/महाविद्यालय पर प्रस्तुत कर जाँच करावें।**

अग्रेषण अधिकारियों को भी यह सूचित किया जाता है कि केवल नये पंजीयन होने वाले छात्रों का पंजीयन आवेदन के साथ मूल प्रवजन प्रमाण पत्र, स्थानान्तरण प्रमाण पत्र, परीक्षा शुल्क का मूल चालान संलग्न होना आवश्यक है और जन्म तिथि प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न होना आवश्यक है शेष दस्तावेजों की सत्यापित प्रतियाँ भी आवश्यकतानुसार संलग्न कर सकते हैं। **संकाय/महाविद्यालय के** अधिकारी मूल **दस्तावेजों** से जाँच कर आवेदन–पत्र में निर्धारित स्थान पर इस आशय की मोहर अवश्य लगायें कि सत्यापित दस्तावेजों की मूल दस्तावेजों से जाँच करली हैं तथा वे आवेदन करने वाली परीक्षा हेतु पात्र हैं (Verified by original documents & the applicant is eligible) एवं निर्धारित स्थान पर सम्बन्धित कर्मचारी/अधिकारी अपने हस्ताक्षर करें। आवेदन पत्र एवं संलग्न दस्तावेजों की पावती रसीद छात्र संकाय/महाविद्यालय से अवश्य प्राप्त करें। इस विश्वविद्यालय में प्रथम बार परीक्षा आवेदन करने वाले परीक्षार्थी जिनका पंजीयन होना हैं परीक्षा आवेदन के साथ पंजीयन आवेदन पत्र भी आवश्यक रूप से संलग्न करें।

नोटः–

1. **सभी अग्रेषण अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि NEP 2020 स्कीम के तहत् स्नातक एवं स्नातकोत्तर ( स्वयंपाठी विद्यार्थियों को छोडकर) में आतंरिक मूल्यांकन परीक्षा में जो विद्यार्थी उत्तीर्ण नही होता है तो वह मुख्य परीक्षा में बैठने की पात्रता नही पायेगा। अतः आन्तरिक मूल्यांकन अनुत्तीर्ण परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन सत्यापित नही किये जाये। यदि आतंरिक मूल्यांकन में अनुत्तीर्ण विद्यार्थी का आवेदन ऑनलाईन सत्यापित किया गया, तो संकाय/महाविद्यालय स्वयं जिम्मेदार होगा।**
2. विद्यार्थी स्वयं की ABC Id को ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र में दर्ज करना अनिवार्य है। www.abc.gov.in से ABC Id विद्यार्थी स्वयं कर सकते हैं।
3. ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र में विद्यार्थी स्वयं का आधार नम्बर दर्ज करना अनिवार्य है।
4. सभी अग्रेषण अधिकारी को सूचित किया जाता है कि आप द्वारा आवेदन पत्र जांच कर ऑनलाईन सत्यापित एवं प्रमाणित कर विश्वविद्यालय की परीक्षा शाखा में कक्षावार (क्रमानुसार) आवेदन पत्र **02 अगस्त, 2024** तक अवश्य जमा करावें। नियत तिथि तक यदि कोई आवेदन पत्र जमा नही होता है तो इसकी सम्पूर्ण रूप से जिम्मेदारी अग्रेषण अधिकारी एवं परीक्षार्थियों की होगी। आवेदन पत्र में कोई त्रुटि पायी जाती है तो इसके लिए अग्रेषण अधिकारी जिम्मेवार होगें।
5. विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय के प्राचार्यो को इस आशय का शपथ–पत्र परीक्षा आवेदन पत्रों के साथ अनिवार्य रूप से देय होगा कि, विश्वविद्यालय द्वारा आवंटित सीटों के अनुसार ही नियमित छात्रों से परीक्षा आवेदन भरवाये गये है।
6. सभी अग्रेषण अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि परीक्षार्थी को परीक्षा आवेदन–पत्र जमा होने की प्राप्ति रसीद आवश्यकरूप से प्रदान करें।

(प्रो.जी.एस.शेखावत)
परीक्षा नियंत्रक

Forward to NB/WB student circulation

क्रमांक – जनावि / परीक्षा / 2024 / 3026

दिनांक : 19.07.2024

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित हैं–

1. समस्त अधिष्ठाता / निदेशक / विभागाध्यक्ष, जेएनवीयू, जोधपुर।
2. प्राचार्य, सभी सम्बद्ध महाविद्यालय, जोधपुर संभाग।
3. निजी सचिव, कुलपति / निजी सहायक कुलसचिव।
4. जन सम्पर्क अधिकारी / प्रभारी, ऑनलाईन।

19/07/24

सहायक कुलसचिव

20/7/24